निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तराखण्ड, 23–लक्ष्मीरोड, डालनवाला, देहरादून।

सहायक लेखाकार/सहायक लेखाकार (रोकड़) के रिक्त पदों हेतु,
"लिखित परीक्षा विज्ञप्ति/सूचना "

निदेशालय कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तराखण्ड के अधीनस्थ कोषागारों में सहायक लेखाकार/सहायक लेखाकार (रोकड़) वेतनमान 5200–20200, "ग्रेड पे" 2800, के 175 रिक्त पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु विज्ञप्ति दिनांक 21 अप्रैल, 2010 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 24 नवम्बर 2010 को दैनिक जागरण व अमर उजाला समाचार पत्रों में प्रकाशित करके आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

उक्त पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु **लिखित परीक्षा दिनांक 27 फरवरी, 2011 (रविवार) को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक** गढ़वाल मण्डल के अभ्यर्थियों हेतु **देहरादून** स्थित दो परीक्षा केन्द्र, **(श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल, पटेलनगर तथा ग्राफिक एरा यूनीवसिर्टी, बेल रोड, क्लेमनटाउन) में और कुमायूँ मण्डल के अभ्यर्थियों हेतु पन्तनगर स्थित दो केन्द्र (पन्त कालेज ऑफ टैक्नोलॉजी, न्यू बिल्ड़िंग तथा पन्त कालेज ऑफ टैक्नोलॉजी, ओल्ड बिल्ड़िंग)** में सम्पन्न करायी जायेगी। परीक्षा के लिए सभी अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र (यू.पी.सी.) डाक द्वारा प्रेषित कर दिये गये हैं। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाक (यू0पी0सी0) से भेजे जा चुके हैं, अथवा जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र निरस्त की सूचना डाक (यू.पी.सी.) से भेजी जा चुकी है, वे अभ्यर्थी अपने से सम्बन्धित विवरण NIC की बेवसाइड www.ua.nic.in पर भी देख सकते हैं। यदि अर्ह अभ्यर्थियों को **दिनांक 21.02.2011** तक प्रवेश पत्र प्राप्त न हुये हों तो ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश पत्र की डुप्लीकेट प्रति प्राप्त करने हेतु दिनांक **21.02.2011** से दिनांक **26.02.2011** तक संयोजक (परीक्षा एवं चयन) कार्यालय, पन्तनगर के दूरभाष संख्या **05944–235029** से अपना अनुक्रमांक एवं केन्द्र का नाम ज्ञात कर **रू0 20.00** (बीस) नकद भुगतान कर एवं दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर अपने **केन्द्र अधीक्षक** से दिनांकः **24.02.2011** से दिनांकः **26.02.2011** तक प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे के मध्य प्रवेश पत्र की डुप्लीकेट प्रति प्राप्त कर सकते हैं। **लिखित परीक्षा के दिनांक 27–02–2011 को डुप्लीकेट प्रवेश पत्र नहीं बनाये जायेंगे। बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।**

निदेशक
कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तराखण्ड।
देहरादून।